Roll No. | | | | | | | | | | | Serial No. of Q. C. A. B.

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 63 ]
Total No. of Questions : 63 ]

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 24
[ Total No. of Printed Pages : 24

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H**
**Code No. : 06-H**

**ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ**
**Subject : First Language — HINDI**

ದಿನಾಂಕ : 28. 03. 2014 ]
[ Date : 28. 03. 2014

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 09-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-45 ರವರೆಗೆ ]
[ Time : 09-30 A.M. to 12-45 P.M.

ಪರಮಾವಧಿ ಅಂಕಗಳು : 125 ]
[ Max. Marks : 125

**FOR OFFICE USE ONLY**

| Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | 14. | | 27. | | 40. | | 53. | |
| 2. | | 15. | | 28. | | 41. | | 54. | |
| 3. | | 16. | | 29. | | 42. | | 55. | |
| 4. | | 17. | | 30. | | 43. | | 56. | |
| 5. | | 18. | | 31. | | 44. | | 57. | |
| 6. | | 19. | | 32. | | 45. | | 58. | |
| 7. | | 20. | | 33. | | 46. | | 59. | |
| 8. | | 21. | | 34. | | 47. | | 60. | |
| 9. | | 22. | | 35. | | 48. | | 61. | |
| 10. | | 23. | | 36. | | 49. | | 62. | |
| 11. | | 24. | | 37. | | 50. | | 63. | |
| 12. | | 25. | | 38. | | 51. | | × | |
| 13. | | 26. | | 39. | | 52. | | × | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | ***Total Marks*** | |
| **Total Marks in words** | | **Grand Total** | |
| 1. ✓ | | ✓ | ✓ |
| 2. ✓ | | | |
| *Signature of Evaluators* | *Registration No.* | *Signature of the Deputy Chief* | *Signature of the Room Invigilator* |

[ Turn over

www.careerindia.com

CAREERINDIA



**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

i) इस प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल **63** प्रश्न हैं ।

ii) वस्तुनिष्ठ प्रश्न के लिये जगह प्रत्येक प्रश्न के साथ दिया गया है । आपको सही विकल्प को चुनना है एवं प्रदत्त जगह में संकेताक्षर सहित पूर्ण उत्तर लिखना है ।

iii) गैर-वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए प्रत्येक प्रश्न के साथ पर्याप्त जगह दिया गया है । आपको उसी जगह में प्रश्न के उत्तर देना है ।

iv) वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ दोनों प्रकार के प्रश्न हेतु दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

v) परीक्षार्थी उत्तरों को पेंसिल से न लिखें । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ( सिवाय ग्राफ, डायग्राम एवं मानचित्र ) ।

vi) बहुविकल्पीय, रिक्त स्थान पूर्ति एवं जोड़े मिलाना प्रश्नों के मामले में रगड़ने / दोबारा लिखने / चिह्नित करने की अनुमति नहीं है, ऐसे में मूल्यांकन के लिए अयोग्य माना जायेगा ।

vii) परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।

I. प्रत्येक प्रश्न के **चार** विकल्प दिये गये हैं । सही विकल्प को चुनकर प्रश्न के नीचे दी गयी जगह पर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $15 \times 1 = 15$

1. प्रेमचन्द का असली नाम है

(A) धनपतराय (B) लजपतराय

(C) अमृतलाल (D) गोपालदास ।

उत्तर : ______________________

2. 'निन्दारस' गद्य पाठ के लेखक का नाम है

(A) हरिशंकर परसाई (B) विद्यानिवास मिश्र

(C) अमृतलाल नागर (D) त्रिलोकीनाथ पाल ।

उत्तर : ______________________

3. महावीरप्रसाद द्विवेदी जी का जन्म किस ग्राम में हुआ था ?

(A) नंद ग्राम (B) रामपुर ग्राम

(C) दौलतपुर ग्राम (D) राजापुर ग्राम ।

उत्तर : ______________________

www.careerindia.com

CAREERINDIA



4. रथीन बाबू की पत्नी का नाम है

(A) कलावती (B) हेमावती

(C) रमादेवी (D) यशवंती ।

उत्तर : ______

5. सिक्खों के धर्मग्रन्थ का नाम है

(A) गुरुग्रन्थ साहिब (B) भगवत् गीता

(C) कुरान (D) बाईबल ।

उत्तर : ______

6. महेन्द्र भटनागर जी का जन्म कब हुआ था ?

(A) सन् 1942 (B) सन् 1945

(C) सन् 1943 (D) सन् 1947 ।

उत्तर : ______

7. जो जीवितों पर विचार करता है वह किसके समान है ?

(A) शैतान (B) बुद्धिमान

(C) ईश्वर (D) मूर्ख ।

उत्तर : ______

8. रसखान कहाँ के पठान सरदार थे ?

(A) दिल्ली (B) नागपुर

(C) हैदराबाद (D) सिकंदराबाद ।

उत्तर : ______

www.careerindia.com

CAREERINDIA



9. हारिल किसका प्रतीक है ?

(A) साधना (B) आशा

(C) दु:ख (D) मन ।

उत्तर : ____________________

10. हनुमान जी की पूँछ में आग किसके द्वारा लगाई गई ?

(A) बच्चों (B) लोगों

(C) राक्षसों (D) प्रजा ।

उत्तर : ____________________

11. 'घर' शब्द का अन्य वचन रूप है

(A) घर (B) घरे

(C) घरों (D) घराएँ ।

उत्तर : ____________________

12. 'गगन' शब्द का पर्यायवाची रूप है

(A) अनल (B) आसमान

(C) हवा (D) भूमि ।

उत्तर : ____________________

13. 'दुर्गपति' समास का उदाहरण है

(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय

(C) बहुव्रीहि (D) द्विगु ।

उत्तर : ____________________

www.careerindia.com

CAREERINDIA



14. 'भीतर' शब्द का विलोम रूप है

(A) अंदर (B) बाहर

(C) ऊपर (D) नीचे ।

उत्तर : ________________________

15. निम्न में से क्रिया विशेषण का उदाहरण है

(A) गोरा (B) राम

(C) तेज (D) तोता ।

उत्तर : ________________________

II. खाली जगह भरिए : 5 × 1 = 5

16. चूड़ामणि ने चुपचाप उसके ................................ में प्रवेश किया ।

________________________

17. हमारे जंगलों का क्षेत्रफल 33 प्रतिशत से घटकर ................................ ही रह गया है ।

________________________

18. मानव जीवन में बारी-बारी से ................................ आते हैं ।

________________________

19. मानव ................................ में पड़कर अंधा बन जाता है ।

________________________

20. 'रामावतार' ................................ का उदाहरण है ।

________________________

www.careerindia.com

CAREERINDIA



III. जोड़कर लिखिए : 5 × 1 = 5

21.

| | | "अ" | | "आ" |
|---|---|---|---|---|
| i) | नादिर शाह | A) | भोपाल गैस दुर्घटना |
| ii) | सन् 1984 में | B) | पर्शिया का सुल्तान |
| iii) | श्रीकृष्ण और राधा की जोड़ी | C) | सुमित्रानंदन पंत |
| iv) | 'प्रकृति के सुकुमार कवि' | D) | सदा चिरंजीव रहे |
| v) | 'भूख मर जाना' मुहावरे का अर्थ | E) | दिल्ली का सुल्तान |
| | | F) | भूख से रहना |
| | | G) | जयशंकर प्रसाद |
| | | H) | भूख न लगना । |

उत्तर : i) ____________

ii) ____________

iii) ____________

iv) ____________

v) ____________

IV. निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए : 10 × 1 = 10

22. छल का धृतराष्ट्र जब आलिंगन करे तो क्या करना चाहिए ?

____________

23. ममता क्या देख रही थी ?

____________

www.careerindia.com

CAREERINDIA



24. स्कूली जीवन में नागर जी को क्या शौक हुआ ?

25. बंगाल के कौन से गीत प्रसिद्ध होकर राष्ट्रगीत बने ?

26. कुवेंपु के मन पर किन-किन का प्रभाव पड़ा ?

27. मरण का सुन्दर शृंगार कहाँ हो रहा है ?

28. कवि कृष्ण को किस रूप में अपने मन में बसाना चाहता है ?

29. आज की दुनिया कैसी है ?

30. वाक्य में कितने प्रकार हैं ? नाम लिखिए ।

31. वचन में कितने प्रकार हैं ? नाम लिखिए ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



V. निम्न प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 15 × 2 = 30

32. हीरा–मोती देखने में कैसे थे ?

33. गौरैया घर के आँगन में क्या–क्या करती है ?

34. नौकरी छोड़ने पर द्विवेदी जी के मित्रों ने उनके सामने क्या–क्या प्रस्ताव रखे ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



35. दीपू दादाजी को क्या बताता है ?

36. शंकराचार्य ने कहाँ-कहाँ मठ स्थापित किए ?

www.careerindia.com

37. कुवेंपु ने साहित्य की कौन-कौन सी विधा में लिखा है ?

CAREERINDIA



38. प्रकृति की समानता के बारे में कवि के क्या विचार हैं ?

39. जीवन में सुख-दु:ख के रूप क्या-क्या हैं ?

40. कृष्ण ब्रज की किन बातों को याद करते हैं ?

41. रसखान ने भवसागर को पार करने के क्या उपाय बताये हैं ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



42. निम्न पद्य भाग को पूरा कीजिए :

मेरे प्यारे नव ..........................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

.................................................................................. श्याम को तू सुना दे ॥

43. निम्न पद्य भाग को पूरा कीजिए :

कल काननि ..............................................................................................

................................................................................................ छाजति है ॥

www.careerindia.com

CAREERINDIA



44. संधि किसे कहते हैं ? कोई **दो** उदाहरण दीजिए ।

45. कर्मधारय समास किसे कहते हैं ? कोई **दो** उदाहरण दीजिए ।

46. गुणवाचक विशेषण किसे कहते हैं ? कोई **दो** उदाहरण दीजिए ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **चार-पाँच** वाक्यों में लिखिए : $3 \times 3 = 9$

47. काँजीहौस का दृश्य कैसा था ?

48. ममता ने अपनी कुटिया में हुमायूँ को आश्रय क्यों दिया ?

49. रथीन बाबू की पत्नी और बच्चों का जीवन कैसे बीता था ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $3 \times 3 = 9$

50. ''वे गगन के पंछी नहीं, आँगन के पंछी हैं ।''

    पाठ का नाम :

    लेखक का नाम :

    प्रसंग–व्याख्या :

51. ''क्या थूककर भी कोई उसे चाटता है ?''

    पाठ का नाम :

    लेखक का नाम :

    प्रसंग–व्याख्या :

www.careerindia.com

CAREERINDIA



52. ''रुक न, यद्यपि उपहास जगत् का

तुझ का पथ से हेर रहा है ।''

कविता का नाम :

कवि का नाम :

प्रसंग-व्याख्या :

कवि परिचय दीजिए : $2 \times 3 = 6$

53. मैथिलीशरण गुप्त :

i) जन्मस्थान

ii) काल

iii) प्रमुख रचनाएँ

iv) विशेषता ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



54. तुलसीदास :

i) जन्मस्थान

ii) काल

iii) प्रमुख रचनाएँ

iv) विशेषता ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



55. छन्द पहचानकर नाम लिखिए : 3

जो पशु हौं तो कहा बस मेरो, चरौं नित नंद की धेनु मँझारन ।

56. अलंकार पहचानकर नाम लिखिए : 3

कनक-कनक तै सौ गुनी, मादकता अधिकाय ।

VII. निम्न प्रश्नों के उत्तर **आठ-दस** वाक्यों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$

57. निन्दकों के संघ की कार्यवाही के बारे में लेखक ने क्या कहा है ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



58. "पानीबाश" गाँव और शरतबाबू की झोपड़ी का वर्णन कीजिए ।

कवि और कविता का नाम बताते हुए सरल हिन्दी में भावार्थ लिखिए : $2 \times 4 = 8$

59. नव्य नर की मुष्टि में विकराल,
हैं सिमटते जा रहे प्रत्येक क्षण दिक्काल ।
यह प्रगति निस्सीम ! नर का यह अपूर्व विकास !
चरण तल भूगोल ! मुट्ठी में निखिल आकाश ॥

www.careerindia.com

CAREERINDIA



60. निरगुन कौन देस को वासी ?
मधुकर कहि समुझाई सौंह दै, बूझति साँच न हाँसी ॥
को है जनक, कौन है जननी, कौन नारि, को दासी ?
कैसे बरन, भेष है कैसी, किहि रस मैं अभिलाषी ?
पावैगौ पुनि कियौ आपनौ, जो रे करैगौ गाँसी ।
सुनत मौन ह्वै रहयौ बावरौ, सूर सबै मति नासी ॥

www.careerindia.com

CAREERINDIA



61. पत्र लेखन : 4

अपने जन्म दिवस के अवसर पर घर बुलाते हुए, अपने प्रिय मित्र के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

पाँच दिन की छुट्टी माँगते हुए, अपनी पाठशाला के प्रधान अध्यापक जी के नाम एक पत्र लिखिए ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



VIII. 62. निम्न में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 1 × 5 = 5

i) समाचार पत्र

ii) समय का सदुपयोग

iii) पर्यावरण की रक्षा ।

www.careerindia.com

www.careerindia.com

CAREERINDIA



IX. 63. निम्न गद्य भाग को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5

तानसेन एक महान संगीतज्ञ थे । उनके बचपन के नाम के बारे में लोगों में मतभेद है । कुछ प्रचलित नाम तन्ना, त्रिलोचन, तनसुख आदि हैं । शायद इन्हीं में से कोई नाम रहा हो । तानसेन के ताऊ बाबा रामदास एक अच्छे संगीतज्ञ थे । वह वृंदावन के स्वामी हरिदास के शिष्य थे । कहते हैं तानसेन पाँच वर्ष की उम्र तक बोल नहीं सके थे । फिर सूफी फकीर मुहम्मद गौस के आशीर्वाद से बोलने लगे थे । यह भी कहा जाता है कि मुहम्मद गौस बड़े ऊँचे संगीतज्ञ थे । बाबा रामदास और पीर मुहम्मद गौस में बड़ी दोस्ती थी । उन्हीं की प्रेरणा से बालक तानसेन ने संगीत की आरंभिक शिक्षा पाई ।

i) तानसेन कौन थे ?

ii) तानसेन के प्रचलित नाम कौन-कौन से हैं ?

iii) तानसेन के ताऊ का नाम क्या था ?

iv) तानसेन कितने वर्ष की उम्र तक बोल नहीं सके थे ?

v) तानसेन किसके आशीर्वाद से बोलने लगे थे ?

[ Turn over

www.careerindia.com

www.careerindia.com